आकाशवाणी श्री विजयपुरम

29.06.2025 समय : 0705

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात की।
- द्वीपसमूह में भारतीय जनता पार्टी के राज्य अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्य पदों के लिए चुनावों की घोषणा की गई।
- राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के सहयोग से सिप्पीघाट में वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ तेइसवीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट newsonair.gov.in और मोबाइल ऐप न्यूज़ ऑन ए आई आर पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात की। इस बातचीत के अवसर पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभांशु शुक्ला को शुभकामनाएं दी, तो वहीं शुभांशु अपनी इस अद्भुत यात्रा को लेकर बेहद उत्साहित दिखाई दिए। प्रधान मंत्री मोदी ने कहा कि आप भारत से भले ही बहुत दूर हैं, लेकिन करोडों भारतीयों के दिल के बेहद करीब हैं। आपकी यात्रा एक नए युग की शुरूआत है। परिक्रमा भारत की सदियों पुरानी परंपरा रही है और आपको धरती माँ की परिक्रमा का यह दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ है।

कैप्टन शुक्ला ने कहा कि उनकी यात्रा पूरे देश के लिए एक सामूहिक उपलब्धि है। जब उन्होंने पहली बार अंतरिक्ष से भारत को देखा, तो बहुत भव्य और नक्शे से कहीं बड़ा दिखाई दिया। शुभांशु ने रोचक जानकारी देते हुए बताया कि वह अट्ठाइस हजार किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहे हैं और वह दिन में सोलह बार सूर्य उदय होना और अस्त होना देखते हैं। पी एम मोदी ने कहा कि अब मैं आत्मविश्वास के साथ कह सकता हूँ कि ये गगनयान मिशन की सफलता का पहला अध्याय है। आपकी ये यात्रा ना सिर्फ अंतरिक्ष, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में अहम् भूमिका निभाएगी।

<><><><><><><>

नशीली दवाओं के खतरों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों का समर्थन जुटाने के उद्देश्य से अंडमान निकोबार पुलिस ने एक सप्ताह तक नशा विरोधी अभियान चलाया। अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी अभियान के तहत चले इस अभियान में नशा मुक्त समाज को बढ़ावा देने और युवाओं को नशे के खतरनाक परिणामों से बचाने के लिए अंडमान पुलिस ने द्वीपसमूह के नागरिकों को जागरूक किया। ये जागरूकता कार्यक्रम श्री विजयपुरम के राजकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किए गए। नशीली दवाओं पर नियंत्रण के प्रति अपनी मजबूत इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए अंडमान निकोबार पुलिस ने आई एन एच एस धनवन्तरी, मिनी बे की भट्टी में चालीस किलोग्राम मैथाफेटामिन को नष्ट कर दिया। यह कार्य सी आई डी इकाई द्वारा ड्रग डिस्पोसल कमिटी की देखरेख में किया गया। इसका नेतृत्व डॉ. ए कांव, आई पी एस और जितेन्द्र कुमार मीणा एस एस पी के साथ एस पी विकास ने किया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक हर गोविन्दर सिंह धालीवाल ने कहा कि नशीले

पदार्थों के दुरूपयोग के विरूद्ध लड़ाई में एकता, जागरूकता और कार्रवाई की सख्त आवश्यकता है और मैं नशे के विरूद्ध कार्य कर रहे नागरिकों और अपने सह कर्मियों की प्रशंसा करता हूं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भारतीय जनता पार्टी के राज्य अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्य पदों के लिए चुनावों की घोषणा कर दी गई है। मतदाता सूची के लिए अधिसूचना आज जारी की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया कल दोपहर बाद चार बजे से आरंभ होगी और तीस जून की शाम साढ़े पांच बजे भाजपा कार्यालय मिडिल प्वाइंट में बंद हो जाएगी। नाम वापसी की प्रक्रिया तीस जून को शाम सात बजे से रात आठ बजे तक होगी। प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्य के लिए चुनाव एक जुलाई को सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगा और परिणाम भी इसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे।

<><><><><><>

राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के सहयोग से सिप्पीघाट में वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दक्षिण अंडमान की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाने वाले दस कार्यक्रमों की श्रृंखला में यह पहला कार्यक्रम है। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम पंचायत सिप्पीघाट की प्रधान ज्योति ने किया। उनके साथ ज़िला परिषद सदस्य सारिका देवी और पंचायत सचिव आशीष शेखर भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ज्योति ने बताया कि ग्रामीण आजीविका में सुधार के लिए मधुमक्खी पालन के उत्थान के लिए ऐसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की बहुत आवश्यकता है। वहीं, एक और दूसरे कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सिप्पीघाट में जैविक बागवानी फार्म का दौरा किया। यहां पर भी मधुमक्खी पालन पर एक चर्चा आयोजित की गई, जिसका नेतृत्व अनुभवी मधुमक्खी पालक करूप्पइया और पचमुत्थु ने किया। कार निकोबार के एरोंग गांव में भी वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><>

पशु चिकित्सा अस्पताल डिगलीपुर में जिले में दूध उत्पादन मे सुधार के लिए ग्राम पंचायत मधुपुर में पशु चिकित्सा बांझपन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल सत्ताईस पशुओं की जांच की गई, जिससे क्षेत्र के पन्द्रह किसानों को लाभ मिला। शिविर में पशुओं में प्रजनन संबंधी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई, जिसमें बार–बार प्रजनन के तीन मामले, एनोस्ट्रस के दो मामले और मैट्रिटेस के एक मामले का इलाज किया गया। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी नागनाथ मारतंड, पशु चिकित्सा अधिकारी डिगलीपुर अस्पताल डॉ. क्षितिज पारिख के साथ–साथ अन्य डॉक्टर्स ने भी पशुओं की जांच और उपचार में सक्रिय भूमिका निभाई। इस पहल के माध्यम से पशुधन उत्पादकता बढ़ाने और पशुपालकों की आजीविका के साथ पशु कल्याण के लिए ग्रामीण किसानों को प्रोत्साहित किया गया और उन्हें हर सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

<><><><><><>

उत्तर और मध्य अंडमान ज़िला पुलिस की त्वरित और कानूनी कार्रवाई के चलते पॉक्सो केस में आरोपी ब्रोजन बिश्वास को बीस साल के कठोर कारावास और पचास हजार रूपये के जुर्माने की सजा दी गई है। इस मामले में पुलिस स्टेशन डिगलीपुर ने पीड़िता को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह फैसला तत्कालीन एस एच ओ इंस्पेक्टर एन एस स्टालिन, इंस्पेक्टर कविता किरतोनिया और सब–इंस्पेक्टर दीप्ती मिंज के अथक प्रयासों का परिणाम है। इस ऐतिहासिक निर्णय से स्पष्ट संदेश जाता है कि पुलिस बच्चों के खिलाफ अपराधों पर जीरो टोलरेंस की नीति अपना रही है। पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि ऐसी किसी भी घटना को देखने पर पुलिस स्टेशन में 100 पर सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

<><><><><><>